<u>सतर्कता जागरूकता "वॉकथॉन" में 100 से अधिक स्कूल बच्चों ने भाग लिया ।</u>

बेंगलूरु, 30 अक्तूबर, 2019 : 28 अक्तूबर से 2 नवंबर, 2019 तक मनाए गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता रैली ''वॉकथॉन'' में 100 से अधिक स्कूल बच्चों ने भाग लिया ।

आईटीआई केंद्रीय और विद्यामंदिर स्कूल के छात्रों ने प्लेकार्ड और बैनर के साथ ''ईमानदारी - एक जीवन शैली'' विषयवस्तू पर नारे लगाते हुए, आईटीआई सर्कल, आईटीआई गेट और आईटीआई ऑफिसर्स क्लब, न्यू विंग तक लगभाग 3 किलोमिटर दूरी की रैली में भाग लिया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आम लोगों के लिए संगठन की बाहर की गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आईटीआई लिमिटेड द्वारा रैली का आयोजन किया गया ।

श्री ए गणासेकरन, मुख्य सतर्कता अधिकरी, आईटीआई लिमिटेड ने भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए प्रतिभागियों एवं दर्शकों को शपथ दिलाने के बाद आईटीआई विद्यामंदिर स्कूल से रैली को हरा झंडा दिखाकर रवाना किया।

आईटीआई लिमिटेड के निगमित कार्यालय में श्री आर.एम. अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेड और श्री गणासेकरन, मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह की प्रारंभ किया ।

इस समारोह में आईटीआई लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकरी, आईटीआई अधिकारी संघ के पदाधिकारी, आईटीआई कर्मचारी संघ, ईपीएफओ के अधिकारी/कर्मचारी और आईटीआई विद्यामंदिर और कें द्रीय स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित थे।